भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2830

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना चरण-एक

2830. श्री एंटो एन्टोनीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतमाला परियोजना के चरण-एक के अंतर्गत स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्गों का कितना प्रतिशत कार्य अब तक पूरा हो चुका है;

(ख) शेष कार्य को पूरा करने में कितना समय लगने की संभावना है;

(ग) भारतमाला परियोजना के चरण-एक के अंतर्गत आवंटित/प्रयुक्त/अप्रयुक्त धनराशि कितनी है; और

(घ) इस परियोजना को पूरा करने के लिए कितनी अतिरिक्त लागत की आवश्यकता है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) भारत सरकार द्वारा देश भर में 34,800 किलोमीटर की लंबाई को कवर करने वाली भारतमाला परियोजना को मंज़ूरी दी गई थी। 31 अक्टूबर, 2024 तक 26,425 किलोमीटर लंबाई की परियोजनाएं सौंपी जा चुकी हैं। इसमें से 18,714 किलोमीटर लंबाई (कुल सौंपी गई लंबाई का 71%) विभिन्न राज्यों में परियोजनाओं के तहत निर्मित की गई है। भारतमाला परियोजना में कोई नई परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव नहीं है। मंत्रालय सौंपी गई परियोजनाओं की शेष लंबाई को समय पर पूरा करने के लिए सभी समुचित कदम उठा रहा है।

(ग) और (घ) वर्ष 2024-25 के दौरान भारतमाला परियोजना (बीएमपी) के लिए अनंतिम बजटीय आवंटन, जिसमें बीएमपी परियोजनाओं (एनएचडीपी परियोजनाओं सहित) के लिए ऋण सेवा और वार्षिकी भुगतान शामिल हैं, लगभग 1,79,464 करोड़ रुपये है। भविष्य में, व्यय विशिष्ट परियोजना की स्वीकृत लागत के भीतर किया जाएगा।

*****